தக்ஷின் ராஜஸ்தானி போஸ்ட்

# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका**




अगस्त 2023

## राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु

### पदाधिकारीगण 2023–2024

**अध्यक्ष**
मोहनलाल एन. बजाज

**मनोनीत अध्यक्ष**
प्रवीण कुमार टाटिया

**उपाध्यक्ष**
नरेन्द्र श्रीश्रीमाल
अजीतकुमार चोरड़िया
ज्ञानचंद आंचलिया
विजय गोयल

**महामंत्री**
देवराज आच्छा

**सहमंत्री**
अजय कुमार नाहर
ज्ञानचंद कोठारी
जगदीश प्रसाद पोरवाल

**कोषाध्यक्ष**
गौतमचंद डागा

**सह-कोषाध्यक्ष**
अशोक कुमार लखोटिया



# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका

वर्ष : 54 | अंक : 8 | अगस्त 2023

**संपादक**
रमेश गुप्त नीरद

**चेयरमेन**
चंद्रप्रकाश मालपानी

**को-चेयरमेन**
राजकुमार एच. कोठारी

शब्द संयोजन : विवेक अग्रवाल


---


प्रकाशन एवं संपर्क कार्यालय :

**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु**
गोल्डन कॉम्पलेक्स, चौथा माला,
128, एन.एस.सी. बोस रोड़,
साहुकारपेट, चेन्नई - 600079.
दूरभाष : 044-25360496, 25392438
E-mail : drp.rajasthaniassn@gmail.com
Website www.rajasthaniassntn.in


**इस अंक की विशेषता :**

**जहाँ-जहाँ यह चिह्न है उन पर आप क्लिक कर के वह वीडियो देख-सुन सकते हैं**



# थोथेपन से आज़ादी

15 अगस्त - वह दिन है जब हम कथित रूप से आज़ाद हुए, अर्थात् हमने अंग्रेजी प्रशासन से मुक्ति पाई। किंतु क्या वास्तव में हम स्वतंत्र हुए?

अंग्रेजों ने हमारा शोषण-दमन किया। हमें दासता की जंजीरों से जकड़ा था जिसके विरोध में हमने आज़ादी का संघर्ष किया और उस क्रूर, अन्यायी शासन से मुक्ति पाई। हमने सोचा था, आज़ाद हिंदुस्तान खुशहाल देश होगा, गरीबी नहीं होगी, शिक्षा का प्रचार-प्रसार, विकास होगा चहुँओर। परंतु भारतीय शासकों ने भारतीयों के इस सपने को चकनाचूर कर दिया। वही शोषण, वही गरीबी का आलम, बस समृद्ध हुआ तो केवल शासक वर्ग, उनके परिजन-परिवार और उनके चमचेगण।

**भारतीय शासकों ने भारतीयों के इस सपने को चकनाचूर कर दिया।**

लेकिन, शनैः शनैः भारत के प्रजातंत्र ने, जनता ने और जनता से सहानुभूति रखने वाले दलों ने अपने पैर जमाने शुरु किए। जनता की आकांक्षाओं को धरातल पर उतारना प्रारम्भ किया। शासक बदले, शिक्षा का प्रचार-प्रसार शुरु हुआ और परिवर्तन का दौर अपना स्वरूप दिखाने लगा। किंतु हम अपने पूर्ण विकास की अवधारणा से मीलों पीछे हैं। शारीरिक रूप से हम किसी सीमा तक अपने आपको स्वतंत्र पाते हैं, परंतु मानसिक रूप से अभी भी परतंत्र हैं।

आज की आधुनिक शिक्षा ने हमें भाषाई तौर पर

अंग्रेजों की भाषा अंग्रेजी का गुलाम बना रखा है। हमारी सोच देशी नहीं विदेशी सोच पर आधारित है। हमारी अपनी भाषा को बोलने-लिखने में हम शर्म महसूस करते हैं। प्रशासन के नियम-कानून-कायदों की इसमें अहम् भूमिका है, जिन्हें भारतीय भाषा में अभी तक अनुवादित नहीं किया गया है।

हमारी शिक्षा पद्धति देशी नहीं विदेशी है, जिसने मानव-मानव को विभाजित कर कुंठाओं से घेरा हुआ है। अंग्रेजी पहनावा, अंग्रेजी आचार-विचार-व्यवहार और अंग्रेजी भाषा ने एक ऐसे समाज की संरचना कर दी है जो अपने आपको श्रेष्ठ और आधुनिक की संज्ञा से गर्वित महसूस करता है। यह तथाकथित उच्च और आधुनिक वर्ग भूल जाता है कि आधुनिकता पहनावे या विदेशी भाषा की नकल से नहीं, आधुनिक विचारों, संस्कारों के उपयोग और व्यवहार से आती है। अपनी मातृभाषा को प्रेम करने वाले भी विचारों से अत्याधुनिक, देशी पहनावे में संस्कारित हो सकते हैं।

**हमारी शिक्षा पद्धति देशी नहीं विदेशी है, जिसने मानव-मानव को विभाजित कर कुठाओं से घेरा हुआ है**

विभिन्न भाषाओं का ज्ञान मनुष्य के ज्ञान और बुद्धिबल को विकसित करने में सहयोगी होता है; पर अन्ततः अपनी भाषा, अपनी वेशभूषा और अपना देश-समाज ही भारतीयता की पहचान है। अन्य भाषाओं का ज्ञान आवश्यक है, अपने व्यक्तित्व और ज्ञान-भंडार की समृद्धि के लिए न कि थोथेपन की सोच के लिए, अस्तित्वहीन आधुनिकता के लिए।



अटल बिहारी वाजपेयी

# गीत नया गाता हूँ


टूटे हुए तारों से फूटे बासंती स्वर
पत्थर की छाती में उग आया नव अंकुर
झरे सब पीले पात, कोयल की कुहुक रात
प्राची में अरुणिम की रेख देख पाता हूँ
गीत नया गाता हूँ

टूटे हुए सपनों की कौन सुने सिसकी
अंतर को चीर व्यथा पलकों पर ठिठकी
हार नहीं मानूँगा, रार नई ठानूँगा
काल के कपाल पे लिखता मिटाता हूँ
गीत नया गाता हूँ

पूरी कविता को स्वयं अटल जी की आवाज़ में सुनने के लिए वीडियो पर क्लिक करें..



# मद्रास बनाम चेन्नई शहर 384 वर्ष का



फोर्ट सेंट जार्ज

22 अगस्त 2023 - चेन्नई शहर की नींव की 384वीं वर्षगांठ का दिवस है। हर वर्ष 22 अगस्त 'मद्रास दिवस' के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।

इतिहास के पृष्ठों को पलटने पर हम पाते हैं कि 22 अगस्त 1639 में मद्रास शहर की स्थापना 'ईस्ट इंडिया कंपनी' ने विजयनगर साम्राज्य से 'फोर्ट सेंट जार्ज' के निर्माण हेतु जमीन खरीदकर आधुनिक शहर 'मद्रास' की नींव रखी थी।

'मद्रास दिवस' समारोह वर्ष 2004 में अनेक कार्यक्रमों सहित प्रारम्भ किया गया था। इस दिन को मनाने का विचार पत्रकार शशिनायर, विंसेंट डिसूजा और इतिहासकार एच.मुथैया को आया था जब वे चेन्नई हैरिटेज फाउंडेशन के ट्रस्टियों की बैठक में भाग ले रहे थे। बैठक में शहर की नींव, विरासत, संस्कृति और परम्परा को चिह्नित करने का निर्णय लिया गया।

मद्रास दिवस 2004 में पाँच कार्यक्रमों के साथ शुरु होकर

2007 तक बढ़कर 60 हो गया। यह दिवस शहर के वर्तमान और अतीत का प्रतीक बन गया है। हर समुदाय, व्यक्ति तथा सांस्कृतिक समूह को समारोह में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

इस दिन शहर में हेरिटेज वॉक, सार्वजनिक वार्ता, प्रदर्शनियाँ, फूड फेस्टिवेल कार्यक्रमों के साथ-साथ शहर की संस्कृति और विरासत पर चर्चाएँ-व्याख्यान होते हैं। □



मद्रास सेंट्रल स्टेशन - 1874


माउंट रोड - 1900

# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा छात्रवृत्ति वितरण समारोह संपन्न




राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु और राजस्थानी एजुकेशनल ट्रस्ट तमिलनाडु द्वारा छात्रवृत्ति वितरण समारोह में करीब 600 जरूरतमंद विद्यार्थियों को 33 लाख रुपये की राशि वितरित की गई। समारोह में मुख्य अतिथि थे करूर वैश्य बैंक के ऑडिट कमेटी के चेयरमेन सीए डॉ. चिन्नास्वामी व पतंजलि योगपीठ के स्वामी रीटदेवजी विशेष अतिथि थे।

अध्यक्ष मोहनलाल बजाज ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। महासचिव देवराज आच्छा ने रजत की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। छात्रवृत्ति चेयरमेन श्री नरेन्द्र श्रीश्रीमाल ने स्कॉलरशिप योजना के बारे में सभागार में उपस्थित जन को अवगत कराया। सह-सचिव श्री अजय नाहर ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। □



# राजस्थानी ओलंपियाड के अंतर्गत
# बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न




राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा आयोजित 'रजत ओलंपियाड' के अंतर्गत बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल मेच अरूम्बाक्कम स्थित डी जी वैष्णव कॉलेज के बैडमिंटन कोर्ट में युवा खिलाड़ी अपने परिजनों के साथ बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

इस खेल प्रतियोगिता में 17 साल से 45 साल तक के लड़के व लड़कियों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया। बैडमिंटन प्रभारी श्री मदन मोहन राठी व श्री कपिल पंसारी ने व्यवस्था संभाली। को-चेयरमैन श्री अनुराग महेश्वरी् ने कार्यभार संभाला। 17 से ऊपर लड़कियों के वर्ग में पहले स्थान पर श्रद्धा अग्रवाल, दूसरे स्थान पर ऋचा धूत, तीसरे स्थान पर हिमांशी सारडा तथा चौथे स्थान पर मलिका अग्रवाल रहीं्।

17 से ऊपर लड़कों के वर्ग में पहला स्थान तोषित मालानी, दूसरा स्थान वेदांश कोठारी, तीसरा स्थान संभव कुमार जैन, तथा चौथा स्थान पर गौरव कोठारी ने हासिल किया।

विजेताओं को अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज, पूर्वाध्यक्ष श्री कांतिलाल सिंघवी ने ट्राफी प्रदान की। सह सचिव श्री अजय नाहर ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। □

# यंगस्टर्स क्रिकेट क्लब ने जीता सुभाष रांका रजत प्रीमियर लीग

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा ओलम्पियाड 2023 के तहत सुभाष रांका रजत प्रीमियर लीग क्रिकेट कप का फाइनल चेटपेट स्थित यूनिवर्सिटी यूनियन ग्राउंड्स में खेला गया। मुकाबला यंगस्टर्स क्रिकेट क्लब तथा मेटा के बीच खेला गया। कड़ी स्पर्धा के बाद यंगस्टर्स ने 14 रनों से मेटा को हराकर जीत हासिल की।

साथ ही फ्रेंडशिप डे के उपलक्ष्य में रजत के पदाधिकारियों के बीच प्रेसिडेंट 11 और चेयरमेन 11 के बीच 6 ओवर का मैच खेला गया जिसमें चेयरमेन 11 ने जीत हासिल की।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त, आई.पी.एस. समय सिंह मीना तथा विशेष अतिथि कला एवं संगीत में डॉक्टरेट डॉ. छवि कालरा पधारे। अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने सभी का स्वागत किया। ओलंपियाड चेयरमेन श्री अशोक कुमार मूँधड़ा ने खेल महोत्सव के बारे में जानकारी दी। श्री समय सिंह मीना ने कहा कि राजस्थानियों के आपस में मेल मिलाप व भाईचारे को बढ़ाने के लिए रजत का यह प्रयास सराहनीय है।




मेन ऑफ द मेच एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज शशांक लुणावत, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज यंगस्टर्स से सागर, बेस्ट फील्डिंग समीप शाह व सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी प्रसन्न को दिया गया। समन्वयक अजय नाहर ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। राजेश सुराणा व विनोद जैन ने लाइव कामेंट्री की। □

## रजत ओलंपियाड के अंतर्गत
# एथलेटिक्स प्रतियोगिता और समापन समारोह 27 अगस्त को

रजत ओलंपियाड खेल महोत्सव के तहत एथलेटिक प्रतियोगिता, ओलंपियाड समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आगामी 27 अगस्त 2023 को नेहरू स्टेडियम में होगा। 4 वर्ष से 70 वर्ष तक आयु वर्ग के प्रतिभागियों हेतु एथलेटिक्स प्रतियोगिताएँ होंगी जैसे रनिंग रेस, रिले रेस, लान्ग जंप, हाई जंप आदि।

साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे वॉलीबाल, बॉलिंग, क्रिकेट, बैडमिंटन एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरस्कार वितरण समारोह भी होगा।

समापन समारोह की तैयारियों के लिए अरूम्बाक्कम स्थित डीजी वैष्णव कॉलेज में संस्था अध्यक्ष मोहनलाल बजाज की अध्यक्षता में बैठक हुई। डॉ. अशोक मूंधड़ा ने कहा कि इस खेलोत्सव में चेन्नई में प्रवासित सभी राजस्थानी समाज, संस्थाओं के सदस्य एवं राजस्थानी समाज द्वारा संचालित विभिन्न स्कूलों के राजस्थानी विद्यार्थी भाग लेंगे। □

## रजत के सभी सदस्यों से अनुरोध

रजत के सभी सदस्यों से निवेदन है कि आप अपना व्यक्तिगत विवरण जैसे नाम, स्थायी पता, फोन नंबर, व्हाट्स ऐप नंबर आदि निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर पुनः मिलान करवा लें ताकि संस्था के विभिन्न कार्यक्रमों की सूचनाएँ आप तक अनवरत पहुँचती रहे।

**सदस्यता संवर्धन समिति - 884521630**

# कत्लखाने जाने वाली गायों की रक्षा




राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा 'अनुकम्पा समिति' के अंतर्गत अभयदान के भाव से 4 जुलाई 2023 को कत्लखाना जाने वाली गायों को बचा कर पूजा आरती उपरान्त आवडी स्थित सन्मति गौशाला में भेजा गया।

श्री एम. रिखबचंद बोहरा ने गौमाता को मांगलिक सुनाने के बाद रवाना किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने सभी का स्वागत किया। महासचिव श्री देवराज आच्छा ने सभी दान-दाताओं का आभार प्रकट किया। □



# ओलम्पियाड 2023 के भावी कार्यक्रम

27 अगस्त 2023
**खेलकूद प्रतियोगिताएँ एवं समापन समारोह**
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम

# रजत के 2023–24 के भावी कार्यक्रम

6 अगस्त 2023
**प्रतिभा अभिज्ञान कार्यक्रम**
डी.जी. वैष्णव कॉलेज

3 सितम्बर 2023
**म्यूजिकल कार ट्रेजर हंट**
डी.जी.वैष्णव कॉलेज

28-29 अक्टूबर 2023
**राजस्थानी बाजार**
सेंट जार्ज स्कूल ग्राउंड

3 दिसम्बर 2023
**सांस्कृतिक कार्यक्रम**
राजा अन्नामलै मंड्रम

21 जनवरी 2024
**राजस्थान रत्न व राजस्थान श्री समारोह**
म्यूजिक अकादमी

# Sunday 6th August 2023 at 10.30 am

## Rajasthani Association Tamilnadu



## 2023 Meritorious Students Recognition

UNDER LATE UDAYSINGH KAMAL SINGH MOHTA TALENT RECOGNITION SCHEME SPONSORED BY ASHASINGH MOHTA CHARITABLE TRUST

**CHIEF GUEST :**

CA. Mahaveer Singhvi, IFS
Joint Secretary, Ministry of External Affairs, Government of India

**Guest of Honour :**

CA. Rohit Ruwatia Agarwal
Chairman, Career Counselling Committee, Institute of Chartered Accountants of India, New Delhi

**Programme :**

Registration : 10.00am

Talent Recognition : 10.30 am

followed by Lunch

**Mohanlal Bajaj N**
President

**Devraj Achha**
General Secretary

**CA. Gouthamchand Daga N**
Treasurer

**CA. Rajendra Kumar P**
Chairman, Talent Promotion Committee

Location
Scan
Qr Code

at **DG Vaishnav College**
833, E.V.R. Periyar Hihgh Road,
SBI Officer's Colony, Arumbakkam,
Chennai - 600106.

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु
एवं
श्री माहेश्वरी स्पोर्ट्स क्लब
द्वारा आयोजित

G.S. RATHI
# Musical Car

Treasure Hunt

कार द्वारा रोमांचक नगर-मंथन जिसमें आपको हमारी मातृभाषा एवं फिल्मी गीतों में छुपे संकेतों के माध्यम से 25-30 कि.मी. की यात्रा, एक निर्धारित समय में पूरी करनी होगी।

**Start Point**
D.G. Vaishnav College



**End Point**
SPR City

**रविवार, 3 सितम्बर 2023**
प्रात: 7.30 बजे

**पंजीकरण शुल्क ₹ 1000** (प्रति कार, 4 सदस्य)
पंजीकरण हेतु अंतिम तिथि : **15 अगस्त 2023**

1st Prize ₹15000 | 2nd Prize ₹11000 | 3rd Prize ₹ 7000
& 10 Complementary Cash Prizes

प्रात: अल्पाहार एवं दोपहर का भोजन आयोजित है।

सीमित कारें होंगी, अपना नाम समय पूर्व पंजीकृत करवा लें।

**TREASURE HUNT TEAM**
M P Marda  SK Rathi  RS Mundhra  Raju Rathi  DN Mohta

**RAJAT**
Mohanlal Bajaj, President
Devraj Achha, Scretary

**EVENT**
RS Mundhra, Chairman
SK Rathi, Co-Chairman

**SMSC**
Kishan Jhawar, President
Narendra Bagdi, Secretary

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
डीएन मोहता 9841011133   राधेश्याम मूँधड़ा 9381937000

Bank Details : **Rajasthani Association Tamilnadu**
**Central Bank of India   A/c No.: 1059350165   IFSC Code : CBIN0280882**
**OR at RAJAT Office : Golden Complex, 128, N.S.C. Bose Road, Chennai-1.**

**G-pay number for ₹1000 - 9080647261**
Send your payment details, Name and Mobile Number too at this Number.

# RAJASTHANI ASSOCIATION TAMILNADU

*presents*




1. 32000 SQ.FT. AIR CONDITIONED HALL
2. MORE THAN 20000 VISITORS EXPECTED
3. EXCLUSIVE JEWELLERY PAVILION
4. EXHIBITORS FROM PAN INDIA
5. MORE THAN 150 STALLS
6. MIDNIGHT SHOPPING
7. RAJASTHANI CULTURAL SHOW
8. EXCLUSIVE FOOD COURT WITH RAJASTHANI CUISINE

## THE BIGGEST RAJASTHANI EXHIBITION IN TAMILNADU


Jewellery Pavilion | Fashion | Decor | Accessories | Footwear | Furniture | Homes

**28th & 29th October 2023**

St. George's School
Kilpauk, Chennai

*For Bookings Contact :*

| | |
|---|---|
| Dinesh Kothari | +91 93840 40000 |
| Manish Mardia | +91 98400 48845 |
| Dilip Chandan | +91 96967 77777 |
| Praveen Tatia | +91 98400 95050 |
| Gobinath | +91 81489 39388 |



# महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा नि:शुल्क जाँच शिविर




## 30 जून 2023

**पडपाई** - 45 लोगो की आँखों की जाँच, 30 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 2 जुलाई 2023

**पुरुषवाक्कम** - 75 लोगो की आँखों की जाँच, 35 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**अम्बत्तूर** - 200 लोगो की आँखों की जाँच, 93 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 7 जुलाई 2023

**पोरूर** - 115 लोगो की आँखों की जाँच, 75 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई। शिविर में 25 लोगों ने एक्यूप्रेशर का भी लाभ लिया।

**नंगनल्लूर** - 63 लोगो की आँखों की जाँच की गई।

## 9 जुलाई 2023

**पुराना धोबीपेट** - 82 लोगो की आँखों की जाँच, 45 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**पाड़ी** - 50 लोगों की आँखों की जाँच, 15 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**ताम्बरम** - 92 लोगों की आँखों की जाँच, 47 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई। शिविर में 18 लोगों ने एक्यूप्रेशर का भी लाभ लिया।

## 13 जुलाई 2023

**टोंडियारपेट** - 117 लोगो की आँखों की जाँच, 75 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 16 जुलाई 2023

**पल्लावरम** - 268 लोगो की आँखों की जाँच, 70 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**पट्टाभिराम** - 85 लोगों की आँखों की जाँच, 60 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 18 जुलाई 2023

**क्रोमपेट** - 105 लोगो की आँखों की जाँच, 78 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**सैदापेट** - 70 लोगो की आँखों की जाँच, 50 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।


## 23 जुलाई 2023

**व्यासरपाडी** - महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन के संयुक्त तत्वावधान में शिविर लगाया गया जिसमें 93 लोगो की आँखों की जाँच की गई।

**तिरुवान्मियूर** - 45 लोगो की आँखों की जाँच, 40 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई।

## श्री माहेश्वरी सभा, चेन्नई

# वार्षिक आम सभा व चुनाव संपन्न



**डॉ. अशोक जे मूँधड़ा**
अध्यक्ष



**श्री संजय मूँदडा**
सचिव

श्री माहेश्वरी सभा, चेन्नई की 69वीं वार्षिक आम सभा 11 जुलाई 2023 को साहूकार पेट स्थित श्री पुशाराम चंपालाल माहेश्वरी भवन के सभागार में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, स्टेट माइनॉरिटी कमीशन, गवर्नमेंट ऑफ़ तमिलनाडु के सदस्य श्री प्रवीण टाटिया थे।

वर्ष 2023-25 के लिए नव गठित टीम निम्न है :

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | : | **डॉ. अशोक जे मूँधड़ा** |
| उपाध्यक्ष | : | **श्री बंसीलाल सारडा** |
| उपाध्यक्ष | : | **श्री कमल किशोर गोइदानी** |
| सचिव | : | **श्री संजय मूँदड़ा** |
| संयुक्त सचिव | : | **श्री सुरेश भट्टड** |
| कोषाध्यक्ष | : | **श्री अनुराग माहेश्वरी** |

**कार्यकारिणी सदस्यगण -**

सर्वश्री अमित माहेश्वरी, अरुण कुमार डागा, चंद्रकुमार टावरी, जगदीश गोइदानी, जगदीश प्रसाद बियानी, महेंद्र बिहानी, मनमोहन बागड़ी, निर्मल कुमार माहेश्वरी, राजन सारडा, रमेश बिसानी, संदीप भट्टड व विनोद द्वारकानी। □

# तेरापंथ महिला मंडल 2023-25 की
# नयी टीम द्वारा शपथ ग्रहण



मदुरै। स्थानीय तेरापंथ भवन में तेरापंथ महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ जिसमें वर्तमान अध्यक्षा श्रीमती नयना पारख ने नवनिर्वाचित अध्यक्षा श्रीमती लता कोठारी को शपथ दिलाई। नवमनोनीत अध्यक्षा श्रीमती लता कोठारी ने अपनी पूरी टीम की घोषणा कर उनको शपथ दिलाई।

वर्ष 2023-25 के लिए नव गठित टीम निम्न है -

अध्यक्ष : **श्रीमती लता कोठारी**
उपाध्यक्ष : **श्रीमती मधु पारख**
मंत्री : **श्रीमती सुनीता कोठारी**
सहमंत्री : **श्रीमती संतोष बोकड़िया**
सहमंत्री : **श्रीमती सोना चोपड़ा**
कोषाध्यक्ष : **श्रीमती नयना पारख**

कार्यकारिणी सदस्यगण -

श्रीमती संगीता सुराणा, श्रीमती बबिता लोढ़ा, श्रीमती मधु जीरावला, श्रीमती आस्था बोथरा, श्रीमती बबिता गीडिया, एवं श्रीमती सरोज नाहटा। □

# शिवकाशी तेरापंथ महिला मंडल की नयी टीम द्वारा शपथ ग्रहण




शिवकाशी तेरापंथ महिला मंडल का 2023-2025 के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती रानी बरडिया ने अपनी नयी टीम की घोषणा की -

अध्यक्ष : **श्रीमती रानी बरडिया**
उपाध्यक्ष : **श्रीमती प्रतिभा आंचलिया**
मंत्री : **श्रीमती बेला कोठारी**
सहमंत्री : **श्रीमती प्रेम बैद**
कोषाध्यक्ष : **श्रीमती सरिता आंचलिया**

---

## संस्थाओं से निवेदन

### अंग्रेजी भाषा में समाचार ना भेजें

दक्षिण राजस्थानी पोस्ट प्रबंधन के पास अंग्रेजी भाषा से हिंदी भाषा में अनुवाद की व्यवस्था फिलहाल उपलब्ध नहीं है। अतः संस्थागत समाचार केवल हिंदी भाषा में ही प्रेषित करावें। साथ ही अपने समाचार प्रत्येक माह की 25 तारीख तक अवश्य भेज दें ताकि उन्हें प्रकाशित किया जा सके। **- संपादक**

# मदुरै तेयुप का शपथ ग्रहण समारोह



मदुरै। स्थानीय तेरापंथ भवन में तेरापंथ युवक परिषद (तेयुप) का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। तेयुप द्वारा विजय गीत का संगान के पश्चात् श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन तेरापंत ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमान ओमप्रकाश जी कोठारी द्वारा किया गया। तत्पचात तेयुप निवर्तमान अध्यक्ष श्री जितेंद्र चोपड़ा द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अमृतलाल चोपड़ा को शपथ दिलाई गई।

तेयुप के वर्ष 2023-24 की टीम इस प्रकार है -

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | : | **श्री अमृतलाल चोपड़ा** |
| उपाध्यक्ष 1 | : | **श्री अभिषेक कोठारी** |
| उपाध्यक्ष 2 | : | **श्री संदीप बोकड़िया** |
| मंत्री | : | **श्री राजकुमार नाहटा** |
| सहमंत्री 1 | : | **श्री विकास संकलेचा** |
| सहमंत्री 2 | : | **श्री विशाल घिया** |
| कोषाध्यक्ष | : | **श्री महावीर भंसाली** |
| संघटन मंत्री | : | **श्री अक्षय लोढ़ा** |

**कार्यकारिणी सदस्यगण -**

सर्वश्री विनेश चौपड़ा, पीयूष संकलेचा, राहुल कोठारी, नीलेश संकलेचा, अरुण गोलेच्छा, भावेश बुरड़, नवदीप संकलेचा, बिनीत बोथरा एवं सूरज भटेरा। □

# योग से रखो खुद को फिट



तेरापंथ महिला मंडल, मदुरै ने 27 जुलाई 2023 को स्थानीय तेरापंथ भवन में 'योग से रखो खुद को फिट' योगासन सत्र रखा। योग सत्र को सुश्री बबीता गिरिया ने लिया। उनका कहना है कि मेनोपॉज और हार्मोनल परिवर्तन में योग जादू के समान है। योग के साथ थोड़ा आहार को बदल कर हम खुद को संतुलित रख सकते हैं। □

# कन्यादान आखिर क्यों?




तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में 'कन्यादान आखिर क्यों' विषय पर भाषण प्रतियोगिता रखी गई जिसमें प्रेमलता बुरड प्रथम स्थान एवं दीपिका फुलफगर द्वितीय स्थान पर रहीं। कन्यादान का अर्थ कन्या का दान नहीं, बल्कि इसका मतलब है 'आदान' यानी लेना या ग्रहण करना होता है। कन्यादान के समय से ही उसका पति उसकी जिम्मेदारियों को ग्रहण करता है। □

# अग्रवाल नवयुवक संघ द्वारा
# छात्रवृत्ति वितरण समारोह सम्पन्न




श्री अग्रवाल नवयुवक ट्रस्ट के सहयोग से श्री अग्रवाल नवयुवक संघ ने छात्रवृत्ति वितरण समारोह वेपेरी स्थित अग्रवाल विद्यालय में आयोजित कर करीब 300 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की।

श्री अग्रवाल नवयुवक संघ ने होनहार एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान कर उनकी पढ़ाई का मार्ग प्रशस्त किया है। चेन्नई महानगर एवं गुम्मिडिपूंडी के विद्यालयों के चौथी से ग्यारहवीं कक्षा तक के बच्चों को स्कॉलरशिप प्रदान की गई।

समारोह में मुख्य अतिथि कांचीपुरम जिले के सहायक कलक्टर अर्पित जैन थे। उन्होंने छात्रों को सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के दृढ़ संकल्प के साथ शीर्ष पर पहुँचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों के अपने सपनों को पूरा करने में मदद करें। उन पर अपने सपने न थोपें। □

# तमिलनाडु मारवाड़ी सम्मेलन ने लगाया
# नि:शुल्क दंत व नेत्र जाँच शिविर



तमिलनाडु मारवाड़ी सम्मेलन चेन्नई एवं रोटरी सेंट्रल मारग्रेट सिडनी हॉस्पिटल नंगनल्लूर के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र, दंत एवं सामान्य चिकित्सा शिविर, साहुकारपेट स्थित अग्रवाल सभा भवन में 9 जुलाई 2023 को लगाया गया। शिविर में 106 लोगों ने जाँच करवाई। □



# अग्रट्रेड एक्सीलेंस अवार्ड समारोह संपन्न




अग्रट्रेड के तत्वावधान में सम्मान समारोह संपन्न हुआ। अग्रवाल समुदाय से उत्कृष्टता हासिल करने वाली हस्तियों को अग्रट्रेड एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

व्यवसाय में अमित अग्रवाल, सामाजिक एवं शिक्षा क्षेत्र में सज्जन रूंगटा एवं हितेश कानोडिया, युवा उद्यम में कुर्ती स्वैग एवं वेदांत राज लोहिया, टेक्नोक्रेट में सुनील कुमार, खेल में सिद्धनाथ गुप्ता, मास्टर शिवेन अग्रवाल, दिवा परसरामपुरिया एवं मास्टर दर्शील परसरामपुरिया, चिकित्सा/स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रो. प्रकाश अग्रवाल एवं डॉ. प्रीति खेतान, व्यावसायिक सेवा में एकता अग्रवाल एवं सीए सुमित केडिया, कला में रमेश गुप्त नीरद एवं शैली अग्रवाल, विशेष जूरी सम्मान में सामाजिक एवं शिक्षा क्षेत्र में निशांत अग्रवाल, नीलम जैन एवं टेक्नोक्रेट में ईशा बजाज को अग्रट्रेड एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

समारोह में प्रसिद्ध गायक अमित कुमार (किशोर कुमार के सुपुत्र) की संगीतमय प्रस्तुतियों से भरी एक मनमोहक शाम भी आयोजित रही। □

# वन बंधु परिषद का 'कृष्णोत्सव' संपन्न




वन बंधु परिषद का भव्य आयोजन 'कृष्णोत्सव' मुख्य अतिथि सन्मार्ग ग्रुप के चेयरमैन श्री एन. कुमार, सम्मानित अतिथि इस्कॉन के श्री रामचरण दास एवं 'एकल' के अधिकारीगण के सान्निध्य में 3 अगस्त 2023 को संपन्न हुआ।

चेन्नई इकाई के अध्यक्ष श्री प्रवीण टाटिया ने सभी का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के चेयरमैन श्री शिवकुमार गोयंका ने सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए धन्यवाद दिया। सचिव श्री गिरी बागड़ी ने संपूर्ण भारत में 'एकल' के अद्भुत कार्य का परिचय चलचित्र व प्रकाश-ध्वनि-दृश्य के माध्यम से प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर तमिलनाडु प्रदेश के 'एकल' विद्यालय के संपूर्ण कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, प्रभारियों का मंच पर सम्मान किया गया। स्मृति चिह्न और माला द्वारा दानदाताओं का भी सम्मान किया गया।

हनुमान चालीसा के ऊर्जावान नृत्य की प्रस्तुति के पश्चात् चेन्नई महानगर में प्रथम बार दिल्ली से पधारे 45 सदस्यों के 'डांस स्मिथ' समूह ने 'कृष्णोत्सव' नृत्य नाटिका की अविस्मरणीय प्रस्तुति दी। □




# पत्रिका प्रकाशन के सहयोगार्थ
# विज्ञापन आमंत्रित हैं

**दक्षिण राजस्थानी पोस्ट का हर अंक लगभग 5000 पाठकों को प्रति माह भेजा जा रहा है। अपनी संस्था, व्यवसाय के विज्ञापन देकर लाभ उठाएँ व सहयोग दें।**

---

## पूरे पृष्ठ का विज्ञापन शुल्क
## ₹5000 प्रति अंक

---

संपर्क करें :

**चंद्रप्रकाश मालपानी**
चेयरमेन DRP
98408 38035

**देवराज आच्छा**
महामंत्री - रजत
94442 65162